## खबर संक्षेप

### लेफ्टिनेंट कर्नल जया जेवियर का दौरा कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (से.नि.) लेफ्टिनेंट कर्नल जया जेवियर 27 जून 2024 को प्रातः11:30 बजे एक दिवसीय दौरे पर पी.डब्ल्यू.डी. विश्राम भवन चौरई पहुंचेंगी। उन्होंने तहसीलदार चौरई से उनके क्षेत्र में रहने वाले भूतपूर्व सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों को पी.डब्ल्यू.डी. विश्राम भवन चौरई में एकत्र करने का अनुरोध किया है। इस दौरान भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं व रोजगार संबंधी जानकारी दी जायेगी।

### जिले में अभी तक 125.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 125.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 47.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 25 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 25 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 32, मोहखेड़ में 0.1, तामिया में 27, अमरवाड़ा में 2.2 और बिछुआ में 4.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 126.7, मोहखेड़ में 44.5, तामिया में 128, अमरवाड़ा में 206.8, चौरई में 96.5, हर्रई में 57.6, बिछुआ में 146, परासिया में 111.7, जुन्नारदेव में 123, चांद में 196.6 और उमरेठ में 140.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### जनसुनवाई में सुनी गई 136 आवेदकों की समस्यायें

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 136 आवेदकों की समस्यायें सुनी ।

### कोयलांचल के परासिया, जुन्नारदेव, दमुआ और तामिया में नहीं लग रहा अवैध कारोबार पर लगाम

# पुलिस-खनिज विभाग की राह ताक रहे कोयला और रेत के अवैध ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया







शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कई जगहों पर कोयला और अवैध रेत के ढेर पुलिस और खनिज विभाग की राह ताक रहे हैं । इन अवैध ढेरों को इंतजार है , कि कब इनमें से कोई आएगा और अवैध कोयले और रेत को अपने कब्जे में लेकर अवैध रूप से कोयला और रेत निकालने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगा ?कोयलांचल क्षेत्र में अवैध हा रूप से कोयला और रेत निकालने का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है । खासकर शिवपुरी थाना क्षेत्र में बेखौफ होकर अवैध कोयला और रेत निकाला जा रहा है । विष्णुपुरी खदान के समीप कुकुरमुंडा खंती से लगे क्षेत्र से नियमित रूप से कोयला निकाला जा रहा है और इसे बोरियों में इकट्ठा कर सड़क के किनारे झाड़ियों में छुपा कर रख दिया जाता है । जिसे रात में ट्रैक्टर या अन्य वाहनों के माध्यम से सप्लाई कर दिया जाता है । यहीं विष्णुपुरी कोयला खदान से कुकुरमुंडा बस्ती को जाने वाली सड़क के किनारे एक बंद पड़े मकान के पीछे रेत का अवैध रूप से भंडारण किया गया है ।कुकुरमुंडा से आगे बढ़े तो ग्राम पंचायत पिंडरई में प्रवेश करते समय शमशान घाट के सामने बड़ी मात्रा में रेत का अवैध भंडारण किया गया है । इसी तरह शिवपुरी हरनभटा के बीच कई स्थानों पर अवैध रूप से रेत के ढेर देखने को मिल जाएंगे , लेकिन इन पर कार्यवाही करने के लिए कोई आगे आना नहीं चाहता है । जिससे साफ जाहिर है , कि संबंधित विभाग और अधिकारियों के साथ इन कोयला और रेत का अवैध कारोबार करने वालों की गहरी सांठगांठ है । लोहंगी और पिंडरई क्षेत्र से लगातार रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है । इसी तरह अवैध रूप से कोयला भी निकाल कर बेचा जा रहा है । जो लोग इस काम को कर रहे हैं उन्हें 100 से 200 रुपए की दिहाड़ी मिल जाती है , लेकिन जो इन काम को करवा रहे हैं उनके बल्ले बल्ले है और जो इन कामों को संरक्षण दे रहे हैं , उनकी तो मौज ही मौज है । वेकोलि ने अपने कोयले की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ लगा रखी है और सीआईएसएफ को केवल खदान के अंदर रखे कोयले से सरोकार है । पुलिस अक्सर अवैध उत्खनन के मामले को राजस्व की जिम्मेदारी बताकर पल्ला झाड़ते नजर आती है । सही मायनों में देखा जाए तो इस तरह के अवैध उत्खनन को रोकने की जिम्मेदारी खनिज विभाग की होती है और इस विभाग के जिले पर बैठे अधिकारी कोयलांचल क्षेत्र की तरफ रुख करना भी पसंद नहीं करते । ऐसी स्थिति के चलते इन क्षेत्रों में अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद है और वह अपने इन कारोबारों को अंजाम देने के लिए सीधे - सादे गरीब लोगों का इस्तेमाल करते हैं जिन्हें अक्सर प्रशासन की मुसीबत झेलनी पड़ती है ।

## स्व. विक्की पहाड़े की धर्मपत्नी को शासकीय सेवा में मिली विशेष नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की घोषणा के अनुरूप मध्यप्रदेश शासन के परिपत्र अनुसार कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा छिंदवाड़ा जिले के शहीद कॉरपोरल स्व.श्री विक्की पहाड़े की धर्मपत्नी श्रीमती रीना पहाड़े निवासी नोनिया करबल छिंदवाड़ा को भी मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत शासकीय सेवा में विशेष नियुक्ति प्रदान की गई है। उन्हें कार्यालय प्राचार्य शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा में रिक्त सहायक ग्रेड 3 के पद पर 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन अस्थाई रूप से विशेष नियुक्ति दी गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में यह विशेष नियुक्ति पत्र शहीद की धर्मपत्नी श्रीमती रीना पहाड़े को प्रदाय किया।

उल्लेखनीय है छिंदवाड़ा जिले के नोनिया करबल निवासी कॉरपोरल श्री विक्की पहाड़े जम्मू कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकी हमले में 04 मई 2024 को शहीद हो गए थे। शहीद की अंतिम यात्रा में शामिल होने और परिजनों को संबल देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव स्वयं छिंदवाड़ा आए थे। विगत दिवस 14 जून 2024 को मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में शहीद के आश्रितों को 1 करोड़ रुपए की अनुदान सहायता राशि भी प्रदाय की थी और शहीद के आश्रित परिवार के सदस्य को शासकीय सेवा में नियुक्ति प्रदाय किए जाने संबंधी घोषणा की थी। जिसके परिपालन में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज शहीद की धर्मपत्नी श्रीमती रीना पहाड़े को शासकीय सेवा में विशेष नियुक्ति का पत्र जारी किया गया है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का आज होगा छिन्दवाड़ा आगमन

**छिन्दवाड़ा:** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी का आज छिन्दवाड़ा आगमन होगा। तीन दिवसीय छिन्दवाड़ा प्रवास के दौरान वे अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसम्पर्क कर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी धीरन शाह सुखरामदास (दादाजी) आंचलकुण्ड वाले के लिये जनसमर्थन मांगेंगे। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 26 जून को प्रातः 6 बजे पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भोपाल से प्रस्थान कर सड़क मार्ग से होते हुये दोपहर 12 बजे हर्रई पहुंचेंगे। आगमन उपरांत वे हर्रई में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में सम्मिलित होंगे तदोपरांत वे अमरवाड़ा में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित होंगे। 27 जून को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रातः 11 बजे छिन्दवाड़ा से प्रस्थान करेंगे। प्रातः 11.30 बजे खकरा चौरई, दोपहर 12.30 बजे सगुनिया, दोपहर 1 बजे बडेगांव व पटनिया, दोपहर 2 बजे बाबई, दोपहर 2.30 बजे ग्राम भजिया, अपरान्ह 3 बजे मंधानगढ़, अपरान्ह 3.30 बजे लछुआ ग्राम में सघन जनसम्पर्क कर अमरवाड़ा विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह सुखरामदास (दादाजी) आंचलकुण्ड वाले के पक्ष में प्रचार-प्रसार करेंगे। सांय 4 बजे शालीवाड़ा शारदा, सांय 4.30 बजे मोहरली, सांय 5 बजे राहीवाड़ा, सांय 6 बजे कोल्हिया एवं सांय 7 बजे रजौला में सम्पर्क करने के उपरांत उनका छिन्दवाड़ा आगमन होगा।

## अवैध वसूली के साए में चौरई मंडी

**मजबूर किसानों के साथ हो रहा खिलवाड़, नहीं करते अधिकारी कार्यवाही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



कृषि उपज मंडी एक ऐसा क्षेत्र होता है जहां किसान अपनी उम्मीदों की फसल बेचने आते है और अपनी मेहनत का उचित दाम अगर मिल जाए तो उसके स्वयं के परिवार से लेकर पूरे देश का पेट पालन होता है। परंतु ऐसा हो ऐसा संभव नहीं है। ऐसा इसलिए कह रहे है कि इस समय चौरई कृषि उपज मंडी के यही हाल है जहां एक आम किसान अवैध वसूली के नाम पर लूटता बिकता नजर आता है। चौरई मंडी में प्रवेश गेट पर तो ट्रैक्टर बैलगाड़ी, हाथठेला, साइकिल प्रवेश शुल्क से तो मुक्त है परंतु यहां कोई बोर्ड नहीं लगा है। खुले आसमान के नीचे किसान अपनी फसल रखते है वहीं व्यापारी शेड में अपने व्यापार करते है।

चौरई की मंडी में किसान हर जगह लुटता नजर आता है। किसानों को तौल पर्ची नहीं दी जाती है। ताकि मामले की जांच न कराई जा सके और उन्हें शिकायत भी करने का मौका न मिले। अपना माल बेचने के बाद भी जब किसान समय पर भुगतान नहीं पाता तो वह अपने आप को ठगा सा महसूस करता है। यूं तो मंडीमें अनेक अनियमितताओं का खुलासा और शिकायत निरंतर की जाती रही है फिर भी मंडी के जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करने से अपने आपको बचाते है। अगर अव्यवस्थाओं का यही आलम रहा तो प्रबंधन की शिकायत के साथ धरना आंदोलन की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

## बेहतर शिक्षा का केंद्र बना आईपीएस कॉलेज, प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

इंदिरा प्रदर्शनी महाविद्यालय में सत्र 2024-25 प्रवेश प्रक्रिया सीएलसी राउंड कॉलेज लेवल काउंसलिंग प्रारंभ हो चुकी है जिसमें बीएससी माइक्रोबायोलॉजी बायोटेक्नोलॉजी बीएससी मैथ की कंप्यूटर बीकॉम बीबीए बीसीए एवं बा की रिक्त सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष भी यहां से विद्यार्थियों को लगातार रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जाते हैं। इसके लिए महाविद्यालय द्वारा अनेक प्रयास किए जाते हैं। शिक्षा का लक्ष्य व्यक्तित्व विकास करने के साथ साथ रोजगार का श्रजन कारना भी होता है ,हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों के रिजल्ट्स आते ही विद्यार्थियों के मन मे भ्रम की स्थिति बन जाती है कि 12 वी के बाद आगे क्या? विज्ञान विषय मे बायो के विद्यार्थि परंपरागत बीएससी के अतिरिक्त भी माइक्रो बायोलॉजी या बॉयोटेक से भी बीएससी की जा सकती जिसके बाद एमएससी करके युवा निजी क्षेत्र व सरकारी क्षेत्र में भी अधिक से अधिक रोजगार प्राप्त कर सकते है। मैथ्स के विद्यार्थियों के लिए बी सी ए डेटा साइंस एक बेहतर चुनाव हो सकता है। इसके अतिरिक्त बी बी ए डेटा अनलेस्टिक भी करके मैनेजमेंट क्षेत्र में अपना करियर बना सकते है । 12 कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए बी कॉम इकोनॉमिक्स व कंप्यूटर डेटा अनलेस्टिक विषय भी पढ़ सकते है, जिसके बाद सी ए , सी एस , आई सी डब्लू ए तथा ऍम बी ए भी कर सकते है। एग्रीकल्चर 12 के उतीर्ण विद्यार्थियों के लिए बेचलर ऑफ आर्ट्स डेटा आ अलेस्टिक के अतिरिक्त बीएससी मैक्रोबिलोजी से कर सकते है। साथ ही BCA डेटा साइंस करके कम्प्यूटर के क्षेत्र में भी अपना करियर बना सकता है। आर्ट्स से 12 वी पास करने बाद विद्यार्थियों के लिए बी ए डेटा अनालेस्टिक या कंप्यूटर में बी सी ए डेटा साइंस करके msc cs भी किया जा सकता है, इन सभी विषयों के बेहतर अध्ययन के लिए परासिया रॉड एस ए ऑफ गेट के सामने छिंदवाड़ा में इंदिरा प्रियदर्शिनी महाविद्यालय है। महाविद्यालय दो दशकों से बेहतर शिक्षा के साथ साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि हेतु विद्यार्थियों को विषय अनुसार आवश्यक ट्रेनिंग प्रदान करता है।

### निकायों के लिए तैयार डीपीआर का हुआ अनुमोदन

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में छिंदवाड़ा जिले के नगरीय निकाय नगरपालिका परिषद डोंगर परासिया एवं नगर परिषद बिछुआ की स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)-2.0 योजना के अंतर्गत जल प्रबंधन कार्य की तैयार डीपीआर के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र परासिया के विधायक सोहनलाल वाल्मिक, विनोद मालवीय, रामचन्द्र बोबडे आदि मौजूद थे।

## लालबर्रा मोहल्ले के लोग बिजली नहीं होने से परेशान

**कहा बिजली नही तो वोट नहीं, आखिर बिजली विभाग की यह कैसी व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी



अमरवाड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत कोल्हिया ग्राम के लालबर्रा और दनवई मोहल्ले के ग्रामीण जन अंधेरे में रहने को मजबूर है बिजली समस्या से परेशान लोग आज दर्जनों भर की संख्या में बिजली ऑफिस सिंगोड़ी पहुंचकर नारेबाजी की और अमरवाड़ा विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर बिजली नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए जिसके चलते सिंगोड़ी बिजली विभाग के जे ई कृतार्थ श्रीवास्तव को एक शिकायती ज्ञापन पत्र सौपा और अपनी समस्या संबंधी बात रखी मोहल्लेवासियों ने कहा कि हम सभी लगभग 35 परिवार के लोग निवास करते है जिन्हे बिजली नही मिल पा रही है यदि समय रहते हुए बिजली विभाग हम सभी लालबर्रा के मोहल्ले वासियों को बिजली नहीं देते है तो हम सभी आने वाले दिनों में हो रहे अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में बिजली नहीं तो वोट नहीं नारे के साथ मतदान का पूर्णतः बहिष्कार करेंगे एवं समस्या के समाधान नही होने पर धरना प्रदर्शन और आंदोलन भी करने को मजबूर होंगे आदि की चेतावनी दी। तत्पश्चात समस्त ग्रामीणजन भाजपा मंडल कार्यालय सिंगोड़ी पहुंचे जहां पर उन्होंने अपनी समस्या को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार से चर्चा की एवं बिजली समस्या के निदान करने की बात कही। वही इन्हे भी एक ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार सहित जनपद सदस्य योगेश यादव परसादी पटेल बंटी परिहार अंकित जैन सहित शिकायतकर्ता दिनेश धुर्वे हरिप्रसाद उईके सज्जन धुर्वे सुभाष नागवंशी राजेंद्र उईके श्याम उईके पवन उईके सोहन उईके सरजलाल उईके अरविंद उईके आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 1 जुलाई से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में लगेंगी जेईई - नीट की कक्षाएं

**कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की मैराथन समीक्षा बैठक**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को शिक्षा विभाग की मैराथन समीक्षा बैठक ली। जिसमें विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें शिक्षा का उत्कृष्ट वातावरण देने के लिए शिक्षा विभाग के हर एक पहलू की विस्तृत गहन समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया था, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री एस.एस.मरकाम, डीपीसी श्री जगदीश इड़पाचे, सहायक संचालक शिक्षा, सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एपीसी और बीआरसीसी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार अब 01 जुलाई से जिले के हर हायर सेकंडरी स्कूल में प्रतिदिन जेईई-नीट की तैयारी के लिए एक पीरियड लगाया जाएगा। जेईई-नीट के सिलेबस के लिए स्टडी मैटेरियल और पिछले 5 सालों के अनसॉल्व्ड पेपर भी इन सभी स्कूलों की लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराए जायेंगे।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा पिछली बैठक में दिए गए निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल द्वारा जिले के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विशेष प्रयास करने के संबंध में एक कार्ययोजना भी तैयार की गई है, जिसका बैठक में प्रेजेंटेशन दिया गया। इस कार्ययोजना में जारी शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए अंग्रेजी, गठित, विज्ञान विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण, उत्कृष्ट शिक्षकों एवं प्राचार्यों के कोर ग्रुप का गठन, शिक्षकों की समय पर विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने, मासिक मूल्यांकन का विषयवार विश्लेषण प्रतिमाह करने, कमजोर विद्यार्थियों के लिए निदानात्मक कक्षाओं का संचालन, कठिन विषय वस्तु का स्मार्ट क्लास के माध्यम से अध्यापन, कठिन विषयों का नवाचार द्वारा रोचक तरीके से अध्यापन, बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावकों से सतत संपर्क आदि को शामिल किया गया है। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी कक्षाओं में बच्चों का एनरोलमेंट बढ़ाने के लिए प्रयास करें। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष और अधिक बच्चे एनरोल हों। बी.ई.ओ., बी.आर.सी. सभी बच्चों की एम.पी.टास में प्रोफाइल क्रिएट कराते हुए छात्रवृत्ति के लिए स्वीकृति जारी करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने शिक्षा विभाग के अंतर्गत सीएम राईज स्कूलों एवं अन्य स्कूल भवनों के निर्माण कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा पी.आई.यू.और पी.डबल्यू.डी.विभाग के अधिकारियों से की और सभी निर्माण कार्य निर्धारित अवधि में व गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए।

### गांगीवाड़ा के बाजार में 20 किलो मत्स्य जप्त

**छिन्दवाड़ा।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा वर्षा ऋतु में 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्याखेट/मत्स्य विक्रय/परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर श्री सिंह के आदेश के परिपालन में विभाग द्वारा गठित जांच दल ने आज विकासखण्ड छिंदवाड़ा के ग्राम गांगीवाड़ा के मछली बाजार में चैंकिंग की गई एवं अवैधानिक मत्स्य विक्रय का कार्य करते हुए मत्स्य विक्रेता पाये जाने पर 20 किलो मत्स्य जप्त की गई, जिसकी नीलामी से प्राप्त 1500 रूपये की राशि शासकीय कोष में जमा की जा रही है। गठित चैंकिग दल में सहायक मत्स्योद्योग अधिकारी श्री संजय आम्बोलिकर, मत्स्य निरीक्षक श्री अनिल कुमार राउत एवं अन्य विभागीय अमला शामिल था।

**पांढुर्णा नगरपालिका में हुई पीआईसी की बैठक, अधिकारी, जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

## पीआईसी की बैठक में 17 विषय पारित, तीन रहे विचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



आज नगरपालिका परिषद पांढुर्ना में पीआयसी की बैठक संपन्न हुई। नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने बताया कि इस बैठक में पांढुर्ना नगर की जनता को अधिक से अधिक सुवधाएं मिले इस उद्देश्य से 17 विषय पारित किए गए। इसके सिवाय एक विषय परिषद में रखा जाएगा और 2 मामलों में टेंडर जारी किए जाएंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज की बैठक में अमृत 2.0 योजना में जलप्रदाय कार्य घटक हेतु, पार्क निर्माण कार्य हेतु, 2024-25 के लिए जलप्रदाय सामग्री क्रय करने के लिए, एलम ब्लिचिंग एवं अन्य केमिकल साम्रगी क्रय करने के लिए, फिल्टर मीडिया क्रय करने हेतु, 2024-25 हेतु स्वास्थ्य सामग्री क्रय करने, डेकोरेशन टेंट लगाने के लिए, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत चित्रांकर - लेखांकन हेतु, स्वास्थ्य शाखा के लिए विभिन्न रासायनिक सामग्री खरीदने, नगरीय क्षेत्र के आवारा कुत्तों की नसबंदी हेतु आमंत्रित निविदा,न्यूनतम निविदा दरों को स्वीकृति, स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने हेतु डीपीआर तैयार करने तथा 2024-25 हेतु विद्युत सामग्री खरीदने के लिए प्राप्त न्यूनतम दरों वाली निविदा को स्वीकृति दिए जाने के प्रस्ताव पारित हुए। उक्त प्रस्तावों के अलावा शिवाजी वार्ड में सार्वजनिक शौचालय के बाजु में कक्ष निर्माण, नगरीय क्षेत्र से निकलने वाले सूखे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान हेतु थर्ड पार्टी संस्था से अनुबंध करना, नगर की स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य शाखा में आऊटसोर्स से सफाई कर्मचारी रखे जाने, नपा के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अर्जित अवकाश नगदीकरण, दिवंगत कर्मचारी भागवत झारिया को एरियर्स राशि का भुगतान, नपा कर्मचारियों के अर्जित अवकाश स्वीकृति तथा नपा सफाई संरक्षकों की परिविक्षा अवधि समाप्त होने बाबत प्रस्ताव पारित किए गए। 2024-25 के लिए खनिज सामग्री क्रय करने हेतु ऑनलाईन टेंडर लगाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

## डॉक्टरों ने सड़क पर बैठकर किया विरोध प्रदर्शन

# नगर में क्लीनिक, मेडिकल स्टोर, पैथोलॉजी लैब रहे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर मंगलवार को डॉक्टर एसोसिएशन सौसर, एवं मेडिकल स्टोर संचालकों के द्वारा अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखते हुए एक दिवसीय धरना देते हुए तहसीलदार भावना मलगाम कार्रवाई को लेकर ज्ञापन सोपा गया।धरना प्रदर्शन का शुभारंभ छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा पूजन माल्यार्पण के साथ किया गया। डॉक्टर एसोसीएशन सौसर के पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 2 दिन पूर्व ग्राम रामाकोना के चिकित्सक डॉ अमोल भक्ते के निजी क्लीनिक में आकर तीन युवकों द्वारा स्वयं को कलेक्ट्रेट छिंदवाड़ा का प्रतिनिधि बताकर क्लीनिक की जांच करने आये ऐसी बात की थी। पहचान पूछने पर चिकित्सक के साथ मे अभद्रता की गई थी। इस घटना से डॉक्टर की छवि को धूमिल और उनके मान सम्मान को चोट पहुंचाई गई है।उक्त घटना के विरोध में डॉक्टर एसोसिएशन ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए ऐसी घटनाओं पर रोकने दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। विधायक विजय चौरे ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर डॉक्टरों की समस्याओं को सुना, ज्ञापन लेकर श्रीमती भावना मलगाम के द्वारा डॉक्टरों की मांगों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।धरना आंदोलन मे डॉक्टर एसोसिएशन केमिस्ट एसोसिएशन, पैथोलॉजी असोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भी उपस्थित होकर कार्रवाई करने की मांग की।

## बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने चंद्रभानजी बागडे

**जुन्नारदेव।** भारतीय बौध्द महासभा (दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया) का मध्यप्रदेश से अधिक प्रचार-प्रसार करने, सदस्यता अभियान चालू कर, प्रत्येक जिलो में संघठन को बढ़ाने के उद्देश को लेकर पिपला ना वारनिवासी चन्द्रमान बागडेको महासभा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा समाजसेवी दिलीप बागडे को भारतीय बौद्ध महासभा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश भारतीय बौद्ध महासमा से प्रदेश अध्यक्ष मुकूल लक्ष्मणराव बौध्द द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजरत्न आम्बेडकर जो भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकरजी के परपोते है इनकी सहमति से की गई है।नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी ने बताया कि अतिशिघ्र आगामी माह में जिला सिवनी, नैनपूर, बालघाट, जबलपूर, बैतूल, भोपाल तथा प्रदेश से अनेक जिलो में दौरा कर संघठन की सदस्यता अभियान चालू करने,जिला ईकाइयो का पुनर्गठन आदि किया जाएगा,आगामी समय में पांढुर्णा जिले का गठन किया जा जाएगा। दोनों नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी का भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, तहसील अध्यक्ष लक्ष्मीदास बोरकर,पांढुर्णा अध्यक्ष जे एल पदमाकर,डॉ राहुल वाहने, राजेश बागडे, प्रेमराज गजभिए,देवानंद बागड़े,राजेश डेहरिया, सिद्धार्थ सोमकुवर,प्रमोद वासनिक आदि के द्वारा स्वागत सत्कार करते हुए बधाइयां दी है।

## एसबीआई शाखा प्रबंधक अनिल रंजन को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

एसबीआई शाखा प्रबंधक अनिल रंजन के छिंदवाड़ा गंज ब्रांच में स्थानांतरण होने पर जुन्नारदेव स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया कर्मचारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने बिदाई दी। कार्यक्रम में वर्मा (रेलवे) साबिर अली पूर्व प्राचार्य एनसीसी अधिकारी मैनेजर सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया एडवोकेट प्रदीप सोनी कनौजिया नितिन चतुर्वेदीकनौजिया अकाउंटेंट सोलंकी ने अपने उद्बोधन दिए ।मंच संचालन प्रमोद बैंक केशियर ने किया एवं अनिल रंजन की कार्य शैली व्यवहार कुशलता एवं नगर में बैंक द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। प्रबंधक अनिल रंजन का साल श्रीफल से गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## सीबीएसई स्कूल प्राचार्य की कार्यप्रणाली से पालक नाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

औद्योगिक क्षेत्र के लोधीखेड़ा मार्ग पर संचालित होने वाली सीबीएसई स्कूल की में बढ़ी हुई फीस, स्कूल में विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी, बार-बार हो रहे आयोजन आदि को लेकर मंगलवार को पांलकों के द्वारा मोर्चा खोलते हुए सौसर प्रशासन को ज्ञापन सोपकर कार्रवाई करने की मांग की है,पालकों के द्वारा स्कूल ट्यूशन फीस आयोजन के नाम पर अधिक वसूली को लेकर सोपे ज्ञापन में बताया की स्कूल का कंपनी में कार्यरत श्रमिकों के बच्चों के उत्थान के लिए एवं क्षेत्र में सोशल वेलफेयर के उद्देश से स्कूल का संचालन शुरू किया गया था।इस उद्योग ने शासन की कई योजनाओं का लाभ लिया है, जिसके बदले में क्षेत्र के बच्चे को अच्छी शिक्षा देने का दायीत्व भी संस्थान का है। किन्तु वर्तमान स्कूल प्राचार्य व्दारा स्कूल का पूरी तरह से व्यवसायीकरण किया जा रहा है। जिसमे कभी स्कूल ट्रिप बहाने,कभी व्यापारी स्टोर आदि लगाकरपालकों बच्चों से पैसे वसूल किये जा रहे हैं,स्कूल प्राचार्य व्दारा इस वर्ष ट्यूशन फीस एवं टर्म फीस 10% बढ़ा दी है। जिससे 3600 रूपये का अतिरिक्त भार पालकों जेब पर पड़ रहा है। विगत वर्ष ट्यूशन फीस 1210 रूपये प्रति माह थी जो की इस वर्ष 10% बड़ा कर 1330 हो गई। तथा टर्म फीस 4400 रूपये थी जो बढ़ा कर 4800 रूपये हो गई है। बस फीस अतिरिक्त है,अन्य राशि में डायरी, आइडेंटिटी कार्ड, कौशन मनी,स्कूल में समर कैंप, स्कूल ट्रिप, एनएसएस कैंप, स्पोर्ट्स, बार्थिवा उत्सव में वेशभूषा के लिए अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है। पालक संघ का निर्माण स्कूल प्राचाया व्दारा ही अपने मन से किया जाता है। जो की शिक्षा विभाग के नियमों के विरुद्ध है,पालक संघ का निर्माण पालकों के सहमति से नहीं किया जाता है। फीस अधिक लेने के बावजूद भी स्कूल में बच्चों को मिलने वाली सुविधाये नाम मात्र की बची हुई है। स्कूल में संगीत कक्ष है पर बच्चो को सिखाया नहीं जाता है,हॉर्स राईडिंग, व्हालीबाल, फुटबॉल आदि गेम्स केवल दिखावे मात्र के है,50% टीचर स्टाफ सीबीएसई पाठ्यक्रम पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित नही है। इस दौरान बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

## स्नान यात्रा के उपरान्त अस्वस्थ हुए श्री जगन्नाथ जी का हो रहा उपचार

**छिन्दवाड़ा।** स्नानयात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ जी,श्री सुभद्रा जी एवं श्री बलभद्र जी को धूप में अधिक स्नान करने लू लग जाने के कारण वे अस्वस्थ होने के पर अनासार गृह में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।जहाँ औषधीय जड़ी-बूटियों द्वारा उनके उपचार की विधियाँ चल रही है।इस दौरान श्रीमूर्ति त्रय के दर्शन पट बंद हैं। भगवान जगन्नाथ के भक्त पंडित स्पन्दन आनंद दुबे ने बताया कि छिंदवाड़ा में भी पुरी की परम्परा का निर्वाह किया जा रहा है। इस वर्ष की छिंदवाड़ा जगन्नाथ रथ यात्रा इसलिए भी विशिष्ट है



क्योंकि इस बार श्री रंगनाथ स्वामी -तिरुचिरापल्ली तमिलनाडु से विशेष तौर पर भगवान श्री नारायण, भूदेवी एवं श्रीदेवी की कांस्य धातु से निर्मित नवीन प्रतिमाओं का चल प्रतिष्ठा कार्यक्रम भी संपन्न किया जाएगा।रथयात्रा,चल स्थापना विधि एवं अनुष्ठान वैदिक विधि से संपादित किए जाएंगे। ज्ञातव्य है कि श्री जगन्नाथ स्थली में विराजित भगवान श्री जगन्नाथ जी,श्री सुभद्रा जी और श्री बलभद्र जी के पावन पुनीत विग्रह श्री जगन्नाथ पुरी के मूल विग्रहों से स्पर्शित हैं।दिव्य रथ के निर्माण का कार्य जारी है..छिन्दवाड़ा श्रीजगन्नाथ रथयात्रा के संचालक मंडल के राजेंद्र आचार्य द्वारा दी हुई जानकारी के अनुसार आगामी 7 जुलाई,दिन रविवार को निकलने वाली 27 वीं भव्य रथयात्रा हेतु विविध व्यवस्थाएँ तत्परता के साथ की जा रही हैं।

## गौवंश हत्याकांड की डेहरिया मेहरा समाज ने की निंदा, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

सिवनी जिले में हुए गौवंश हत्या कांड की परासिया डेहरिया मेहरा समाज ने निंदा की है । समाज के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा है ।गौरतलब है कि लगभग सप्ताह भर पूर्व सिवनी जिले के दो थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलग - अलग स्थानों में बड़ी मात्रा में गो वंश को मार कर वेनगंगा नदी में बहा दिया गया था । इसके बाद लगभग सभी समुदाय के लोग बेहद आक्रोषित हो गए । कई जिलों और क्षेत्रों में इस हत्याकांड के विरोध में रैलियां निकाली गई , बंद किया गया और हत्याकांड में शामिल हर एक व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गई । इसी क्रम में परासिया डेहरिया मेहरा समाज के द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन डेहरिया के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम परासिया तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन में कहा गया है , कि जो घ्रणित कृत्य किया गया है वह अत्यंत निंदनीय है । ऐसे कार्यों से सामाजिक सौहार्द खराब होता है । ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो और उक्त घटना में जो लोग शामिल हैं उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग रखी गई है । ज्ञापन देने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन डेहरिया अशोक डेहरिया , नवल सिंह परिहार , सुखनंदन जावरे , विमल डेहरिया , सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े लोग मौजूद रहे ।

## आमरण अनशन कर उपसरपंच पवन कश्यप ने जिला सीईओ से की थी मांग

# बिसोनी पंचायत में सीसी नाली निर्माण मामले की जांच करने जिला पंचायत से पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज लांजी।



ग्राम पंचायत बिसोनी में 2022 में 14 वें, 15 वें वित्त से स्वीकृत 14.82 लाख की नाली निर्माण में धांधली व इस मामले में दोषी जनपद सीईओ, पूर्व सरपंच कृष्णकली बड़घैया, रोजगार सहायक मिथिलेश यादव तथा एसडीओ ग्रामीण यांत्रीकी सेवा लांजी के विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज करने की मांग को लेकर बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप 9 जून को आमरण अनशन पर बैठे थे। जानकारी लगने पर जिला पंचायत सीईओं ने जांच का आश्वासन देकर कश्यप का अनशन समाप्त करवाया था। जिसके बाद आज 25 जून को ग्राम पंचायत बिसोनी में उक्त मामले की जांच करने अधिकारियों की एक टीम पहुंची तथा तत्कालीन सरपंच श्रीमती कृष्णकली बड्घैया, जीआरएस मिथलेश यादव एवं सचिव नीलेश्वर मोरघड़े के बयान लिये तथा सीसी नाली निर्माण से संबंधित सभी दस्तावेज अपने साथ ले गए। उल्लेखनीय है की विगत 9 जून को ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच सीसी नाली निर्माण मामले में बरती गई अनियमितता और राशि की अफरातफरी को लेकर पंचायत परिसर के सामने ही आमरण अनशन पर बैठे थे जिसकी सूचना मिलने पर जिला पंचायत सीइओ द्वारा 15 दिवस के भीतर जांच कराने का आश्वासन मिलने के बाद पवन कश्यप ने अपना अनशन समाप्त किया था जिसके बाद आज जिला सीईओ इस मामले की जांच के लिए टीम गठित कर संदीप ठाकुर लेखाधिकारी वित्त, आर.के राय जिला समन्व्यक सामाजिक अंकेक्षण, रंजीत पटले को ग्राम पंचायत बिसोनी भेजा गया था। जिनके द्वारा ग्राम पंचायत बिसोनी में वर्तमान सरपंच श्रीमती वर्षा विजय वारे, उपसरपंच पवन कश्यप, पंच विजय वारे की मौजूदगी में आवश्यक जांच कार्यवाही कर 10 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट जिला पंचायत सीईओ के समक्ष प्रस्तुत करने की बात कही।

## खमरिया के पास हुआ भीषण सड़क हादसा

# सड़क हादसे में रिटायर सैनिक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर खमरिया के पास मंगलवार 25 जून की शाम करीब 04 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ. हादसे में रिटायर सैनिक गंभीर रूप से घायल हुआ था. जिनकी उपचार के लिए ले जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई. सड़क हादसे के बाद घायल शख्स को सबसे पहले नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र सरकारी अस्पताल कटंगी प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया था. चिकित्सक ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया था. परिजन घायल को उपचार करवाने के लिए नागपुर लेकर जा रहे थे. मगर, रास्ते में ही घायल की मौत हो गई. देवलापार के शासकीय अस्पताल के चिकित्सक की तरफ से मौत की पुष्टि की गई. मिली जानकारी अनुसार कटंगी वार्ड क्रमांक 06 निवासी पारस पटले अपने बुलेट वाहन क्रमांक एमपी 20 वाईए 5612 से आज सुबह करीब 10 बजे बरघाट किसी निजी काम से गए हुए थे. जो अपना काम निपटाकर वापस कटंगी की तरफ लौट रहे थे. इस दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गए. हादसा कैसे हुआ और किस वाहन ने टक्कर मारी है. फिलहाल इसका पता नहीं चल पाया है. बताया जा रहा है कि सड़क हादसे के बाद राहगीरों ने डॉयल 100 और संजीवनी 108 को कॉल किया लेकिन दोनों ही वाहनों के कॉल सेंटर पर संपर्क नहीं हो पाया और घायल की मदद के लिए कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आने के कारण घायल करीब 30 मिनट तक घटना स्थल पर ही अचेत पड़ रहा. हालाकिं सड़क हादसे की सूचना मिलते ही एक पिक-अप वाहन चालक ने मानवीयता का परिचय दिया और सड़क हादसे में घायल रिटायर सैनिक को पिक-अप वाहन से ही अस्पताल पहुंचाया. घायल का एक पैर टूट गया है जबकि सिर पर काफी गहरी चोट आई थी. कटंगी के चिकित्सक ने बेहद गंभीर हालत में घायल को रेफर किया था. जिनकी रास्ते में उपचार के लिए ले जाते वक्त मौत हो गई. सड़क हादसे में मृत हुए रिटायर सैनिक की दो मासुम बेटियां है।

## बच्चों को भेंट किए नोट बुक, पेन व पेंसिल

## 12 वीं प्रथम आने वाले को दिए जायेगे 21 हजार रुपये : जीतू राजपूत



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूल कायदी में स्कूल चले अभियान के तहत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम जनपद पंचायत वारासिवनी के जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू राजपूत के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री राजपूत द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वहीं मॉ सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि श्री राजपूत ने बच्चों को अच्छी पढ़ाई कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया और विद्यालय के छात्रों को नोट बुक, पेन और पेंसिल के साथ-साथ भविष्य में आगे बढने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही श्री राजपूत द्वारा कक्षा 12 वीं में स्कूल में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को 15 अगस्त 24 को होने वाले कार्यक्रम में 21000 रुपये की राशि से सम्मानित करने की घोषणा की। इस मौके पर विद्यालय में पीने के शुद्ध पानी की समस्या श्री राजपूत के सामने आने पर उनके द्वारा एक आरो प्रदाय किया गया। जिससे बच्चों को शुद्ध पेय जल प्राप्त हो सके। उनके इस सहयोग पर विद्यालय स्टाफ द्वारा उनके प्रति आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ, शिक्षकगण व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत बिसोनी के उप सरपंच ने अतिक्रमण हटाने शासन प्रशासन से की मांग

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकरियों का कब्जा, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसोनी में इन दिनों राजस्व की भूमि पर अतिक्रमण हो रहा है, जिस पर जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं है। यही वजह है कि शासन की लाखों रुपए की बेशकीमती भूमि अतिक्रमणकारियों की हो गई है जिस पर वह पक्के मकान बनाकर निवास करने लगे हैं। अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ स्थानीय प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हर रोज सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा किया जा रहा है। कुछ दिनों बाद वहां पक्के मकान बने दिखाई देते हैं शासकीय जमीन पर हो रहे अतिक्रमण के चलते गांवों का विकास बाधित हो गया है। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत बिसोनी के भूताई तालाब के सामने खाली शासकीय भूमि अतिक्रमण बिना पंचायत की अनुमति कब्जा कर रहे हैं। दिन-ब-दिन बढ़ रहे अतिक्रमण के चलते लोगों का चलना दूभर होता जा रहा है। लोगों को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित होना पड़ रहा है। वहीं इस संबंध में शिकायत मिलने पर हल्का पटवारी द्वारा भूताही तालाब के सामने शासकीय भूमि का निरीक्षण किया गया जहां पाया गया की रेखा पति सूरज मेश्राम जाति ढीमर द्वारा ग्राम बिसोनी पहन.19/58 रानिम व तह. लांजी स्थित भूमि खसरा नं. 16 रकबा 0.417हे. शासकीय मद सड़क भूमि के अंश भाग 9.६ वर्ग मीटर पर इंट मिट्टी की कच्ची जुड़ाई कर कब्जा किया जा रहा था जिसे मायाबाई चौधरी जाति गोवारी द्वारा तोड़ दिया गया जिससे दोनो पक्षों में विवाद उत्पन्न हुआ । वहीं पटवारी ने बताया की दोनो ही पक्षों द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर कब्जा किया जा रहा है।

### विकास कार्य हो रहे बाधित

इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप ने कहा की गांव की तस्वीर व तकदीर बदलने पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा विकास कार्यों को गति प्रदान करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन शासकीय जमीन पर अतिक्रमण होने से विभिन्न विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों की शिकायत के बावजूद अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने से उनके हौसले बुलंद हो गए हैं। गांवों के अन्य लोग भी इन अतिक्रमणकारियों के गलत कार्यों का अनुसरण करने लगे हैं। अतिक्रमण गांव के लिए विकराल समस्या बन गई है। शासन-प्रशासन के उदासीन रवैये के चलते ग्राम में लगभग 10 से 12 लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर शासकीय जमीन को हड़पने का कार्य कर हैं। ऐसे लोगों को गांव के विकास से कोई सरोकार नहीं है। अतिक्रमण को रोकने गांव स्तर पर किए जा रहे प्रयास भीइसलिए सफ ल नहीं हो पा रहे हैं क्योंकि अतिक्रमणकारियों की तादात गांव में ज्यादा होते जा रही है।

## फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा, नपा और पुलिस भी नहीं कर रही कार्रवाई

# सड़क किनारे खड़े वाहन बन रहे हादसों का सबब

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी शहर के बाजार और शॉपिंग काम्प्लेक्स में पार्किंग का अभाव है. यही वजह है कि सड़क पर बेहतरीब खड़े किए जा रहे वाहनों से जाम की समस्या पैदा हो रही है. सड़क पर खड़े यह वाहन सड़क हादसों का भी कारण बन रहे है. शहर की व्यस्ततम मुख्य सड़क सिनेमा चौक से लेकर बस स्टेंड, सिवनी रोड़, बोनकट्टा रोड़, लालबर्रा रोड़ जहां पर दिन भर भारी ट्रैफिक का दवाब बना रहता है. इन सड़कों पर पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से मालवाहक वाहन, चारपहिया वाहन, दोपहिया वाहन सड़क पर खड़े दिखाई देते है. इतना ही नहीं, यहां दुकानदार भी सड़क तक अपना तामझाम फैलाकर समस्या को और अधिक बढ़ाते है. सड़क पर वाहनों के खड़े रहने से मुख्य सड़क पर अन्य वाहनों का जमघट लगा रहता है कई बार तो दो-दो लाइन में कारें और माल वाहक वाहन खडे.रहते हैं. वहीं शहर की सड़कों के फुटपाथ पर भी दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है. सुबह और शाम के वक्त जब स्कूली विद्यार्थी स्कूल और कर्मचारी दफ्तरों से आते-जाते हैं तो जाम की नौबत आ जाती है. वहीं इसी दौरान भारी-भरकम वाहनों की भी नगर में एंट्री होती है जिससे सड़क हादसों का खतरा हमेशा ही बना हुआ रहता है. नगर परिषद और पुलिस की अनदेखी के चलते वाहन चालक बेफिक्र होकर रोड पर गाड़ियां खड़ी कर शॉपिंग करने चले जाते हैं. यहां यदि नियमित चालानी कार्रवाई की जाए तो ही इस समस्या से मुक्ति मिल सकती है।

कटंगी में बस स्टेंड में नगर परिषद के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बने हुए है. यहां नगर परिषद की तरफ से पार्किंग की जो व्यवस्था की गई. उसमें दुकानदारों ने अनाधिकृत कब्जा कर लिया है. ऐसे में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में एक असुविधा जनहित के लिए नासूर बन रही है. शहर में करीब दस से भी ज्यादा छोटे-बड़े शापिंग काम्प्लेक्स बने हुए है. जहां पार्किंग की व्यवस्था नहीं है. नगर में लगने वाले अतिक्रमण को हटाने की जिम्मेदारी नगर पालिका और प्रशासन की है, लेकिन सालों से इन स्थानों पर अतिक्रमण हटाने के लिए कोई कवायद नहीं की गई. कभी कभार औपचारिकता या कोई त्योहारों पर जरूर नगर पालिका और पुलिस तथा प्रशासन से सहयोग से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है, लेकिन अभियान के दूसरे दिन फिर वहीं स्थिति हो जाती है. हालात यह है कि नगर के किसी प्रतिष्ठान के बाद पार्किंग न होने के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों के खड़े होने से मुख्य सड़क पर जाम लगा रहता है. बस स्टैंड से सिनेमा चौक के बीच गांधी चौक के सामने तो सुबह से लेकर रात तक मालवाहक खड़े रहते है।



# शराब पीकर डंपर चलाने वाले चालक पर पुलिस का चला डंडा, लगाया दस हजार का जुर्माना

## डॉक्टर द्वारा चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 19.06.2024 को वाहन चैकिंग के दौरान डम्फर क्रमांक MP38G0277 का चालक श्याम सिंह पिता शिवनाथ बघेल उम्र 38 साल निवासी बिहिरिया थाना बंडोल का शराब के नशे में तेज गति से डम्फर चला रहा था। जिसे पुलिस द्वारा रोक कर थाना लाया गया एवं डम्फर को थाना में खडा कर वाहन चालक का डॉक्टरी मुलायजा कराया गया जो डॉक्टर द्वारा चालक के शराब के नशे में होने पुष्टि करने पर चालक के विरूद्व धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की जाकर इस्तागासा माननीय न्यायालय पेश किया गया जो माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी चालक को शराब के नशे में डम्फर चलाने पर 10000/- रूपये का जुर्माना किया गया है। पुलिस द्वारा इस प्रकार शराब के नशे में वाहन चलाने वालो के विरूद्व अभियान चलाकर त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

# बलात्कार के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना कान्हीवाड़ा में नाबालिग पीड़ित उम्र 13 वर्ष ने अपने माता-पिता के साथ जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 26-06-2022 को सुबह करीब 9-10 बजे वह अपने घर के आंगन में बैलों को पानी पिला रही थी,उसी समय आरोपी सचिन पिता विनोद परतें उम्र 26 वर्ष आया और उसको अपने पुराने घर मेंजरूरी काम से चलने को कहा,जब में उसके साथ उसके घर गई तो उसने अपने घर के कमरे में अन्दर से दरवाजा बंद कर कुंडी लगा दिया और मेरा मुंह दबा दिया,वह बोला कि चिल्लाना नहीं कहकर डरा धमकाकर जबरदस्ती पूरा दिन मेरे साथ गलत काम करते रहा,रात में करीब 10:30 बजे दरवाजा खोला और बोला कि घर चले जा मैंने तेरे साथ गलत काम किया हूं वो किसी को मत बताना नहीं तो जान से खत्म कर दूंगा फिर मेने घर आकर अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 214/2022,धारा 376,376(2)(n),376(3),342,506 भादवी,धारा 3,4,5L,6 पॉक्सो एक्ट,के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया, विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष पाक्सो न्यायालय में प्रस्तुत किया गया शासन कि ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमति दीपा ठाकुर जिला अभियोजन अधिकारी के द्वारा गवाह एवं सबूतों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया माननीय न्यायालय द्वारा गवाहों एवं सबूतों से सहमत होते हुए आज दिनाँक 25।6।24 को निर्णय पारित करते हुए आरोपी को धारा 342 भादवि में 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 100 रुपये अर्थदंड, धारा 506(2) भादवि में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड धारा 376(3) में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड, धारा 5(I)/6 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

# कार मोटर साइकिल की भिड़ंत में 2 लोग गम्भीर रूप से घायल



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिले के कुरई थाना क्षेत्र के NH 44 कलबोडी राम मंदिर के सामने तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगो को लगभग 30 मीटर तक घसीटा मोटरसाइकिल सवार दो लोगो गम्भीर रूप से घायल को स्थानीय एवं 1033 की मदद से जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुँचाया गया एक कु स्थित गम्भीर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लगभग 4:45 में बादलपार दरगड़ा से सिवनी की ओर जा रहे मोटरसाइकिल क्रमांक MP 28 M 6122 की कार क्रमांक MH 36 Z 6171 जो कि नागपुर से सिवनी की ओर जा रही थी कलबोडी में राम मंदिर के सामने तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारी जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हुए।

# नवागत कलेक्टर सुश्री जैन ने ली एसडीएम तहसीलदार एवं सीईओ एवं सीएमओं की बैठक



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

नवागत कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदारों, सीईओ जनपद तथा सीएमओं की बैठक लेकर सभी से औपचारिक परिचय प्राप्त किया साथ ही सभी से विभाग अंतर्गत जारी विकास कार्यों तथा योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को मैदानी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन तथा संवेदनशील सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए मैदानी सूचनातंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारी, कोटवार, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक तथा आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका सहित अन्य मैदानी अमले को सक्रिय करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने नगरीय विकास विभाग तथा जनपद के अधिकारियों को उनके क्षेत्र में प्रगतिरत विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया है साथ ही साथ मानसून को देखते हुए नगरीय क्षेत्र के नालों की सफाई के साथ-साथ संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी के लिए निर्देशित किया है।

## स्वप्रेरणा से विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों को क्रियान्वित करें अधिकारी- नवागत कलेक्टर सुश्री जैन

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2015 बेंच की अधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने सोमवार को सिवनी कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया। नवागत कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सोमवार को आयोजित समय सीमा बैठक में विभागवार अधिकारियों से औपचारिक परिचय प्राप्त कर उनके विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं तथा योजना की प्रगतिरत विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से शासन की मंशानुसार योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सक्रिय भागिदारी सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्वप्रेरणा से विभागीय योजनाओं, परियोजना तथा विकास कार्यों को क्रियान्वित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सीएमहेल्प लाईन की शिकायतों, समय सीमा में दर्ज प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। उन्होंने विधान सभा प्रश्नों के उत्तर भी समय सीमा में प्रस्तुत करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। बैठक में सी ई ओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चिनाप, अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे।

# मोटर सुधारते समय करंट लगने से दिनेश की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** खेत में बिजली का काम कर रहे एक किसान को बिजली का करंट लगने से झुलसी अवस्था में जिला अस्पताल उपचार के लिए लाया गया। जहां उपचार के दौरान किसान की मौत हो गई। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव जैतपुरकला व कमकासुर के समीप स्थित गांव नैनपार निवासी दिनेश पिता जगन्नाथ बघेल (46) सोमवार को खेत के समीप स्थित कुएं की मोटर को सुधारने का काम कर रहा था। इसी दौरान बिजली के तारों में दौड़ रहा करंट दिनेश को लगा। गंभीर रूप से झुलसे दिनेश को परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल सिवनी लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान दिनेश की मौत हो गई। कृषक दिनेश के दो पुत्र है। दिनेश की मृत्यु का समाचार सुन परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार जनों को सौंप दिया गया जहां आज ग्रह ग्राम में अंतिम संस्कार किया गया

## सूदखोरों से परेशान होकर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

सिवनी। बरघाट थाना अंतर्गत धोबीसर्रा गांव में एक व्यक्ति ने सूदखोरो से परेशान होकर आत्महत्या की कोशिश की। गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धोबीसर्रा निवासी रमेश पिता प्रभुदयाल ठाकरे (४०) को सूदखोर लोग परेशान कर रहे थे। इससे परेशान होकर उसने नींद की अधिक गोलियों का सेवन कर लिया। बताया गया कि रमेश अर्जीनवीस है। ज्ञात हो इसके पहले भी सूदखोरी को लेकर कई लोगों ने आत्महत्या का प्रयास कर चुके हैं।

# राज्य शिक्षक संघ ने सौपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जनजातीय कार्यविभाग अंतर्गत कार्य करने वाले शिक्षकों की समस्यायो को लेकर राज्य शिक्षक संघ का एक प्रति निधि मंडल ने सहायक आयुक्त से मुलाकात कर समस्यायो के सम्बन्ध मे चर्चा कर ज्ञापन सौपा है! राज्य शिक्षक संघ की और से जारी विज्ञप्ति मे कार्यकारी जिला अध्यक्ष गजेंद्र बघेल ने बताया की 12 /24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को प्रथम/द्वीतीय क्रमोंनती वेतनमान के आदेश, उच्च माध्यमिक शिक्षकों को समय मान वेतनमान का लाभ,डीए एरियर का भुगतान शीघ्र करने के लिये जिला अध्यक्ष विपनेश जैन और चितोड़ सिंह कुसराम ने कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन सौपा।

## दृष्टि सनोडिया का आईआईएम रायपुर में चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डूंडा सिवनी निवासी दृष्टि सनोडिया का



आईआईएम रायपुर में चयन हुआ है। उन्होंने कैट परीक्षा के माध्यम से आईआईएम के लिए क्वालीफाई किया है। दृष्टि के पिता शिव शंकर सनोडिया शासकीय हाई स्कूल, छतरपुर, भोमा सिवनी में प्राचार्य के रूप में पदस्थ है। उनकी माता सरला सनोडिया एक गृहिणी है। दृष्टि ने अपने चयन का श्रेय पुलिस विभाग में पदस्थ नाना एएसआई राजकुमार सनोडिया एवं मामा संदीप सनोडिया स्क्वाडम लीडर एयर फोर्स को दिया है। आईआईएम में चयनित होने के लिए स्वजनों ने उन्हें बधाई दी है।

# जिला जैल में कैदियों ने सीखे योग के गुर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला जेल सिवनी निरूद्ध कैदियों ने योग के गुर सीखते हुऐ निरोग और स्वस्थ कैसे रहें यह वचन भी दिया और प्रतिदिन योग करने का भरोसा भी दिलाया . 21 जून 2024 को आयोजित शिविर में योग प्रशिक्षिका श्रीमती अनुराधा ठाकुर के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यास सिवनी में कैदियों के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य , नैतिक उत्थान के लिए योग आसन ,प्राणायाम व ध्यान का गहरा अभ्यास कराया गया इस अवसर पर अतिरिक्त न्यायाधीश श्री वर्मा जी और अन्य न्यायाधीश के साथ-साथ जेल के चिकित्सक , श्री विजय जी व जेल अधीक्षक भी उपस्थित रहे , योग प्रशिक्षक अनुराधा ठाकुर ने कैदियों को बताया कि प्रतिदिन योग करने से चित्र वृत्तियों का निरोध होता है, सोचने , समझने एवम समझने की क्षमता में वृद्धि




होती है, कार्यों में कुशलता आती है । इसलिए हम सभी को अपने दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए जिससे व्यक्ति, समाज ,देश और राष्ट्र स्वस्थ रह सके .योग सत्र का समापन अवसर पर करें योग, रहे निरोग, योगी बने निरोगी बने, देश और समाज के लिए उपयोगी बने इस नारे के साथ हुआ। साथ ही कैदियों ने रोज करेंगे ,योग करेंगे ,स्वस्थ रहेंगे के नारे लगाए

## म.प्र. सहकारी समिति महासंघ ने नवागत कलेक्टर सुश्री जैन एवं पुलिस अधीक्षक मेहता का पुष्पगुच्छ देकर किया आत्मीय स्वागत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** म.प्र. सहकारी समिति महासंघ जिला सिवनी के पदाधिकारियों ने जिले की नवागत कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता का पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया गया संघ के पदाधिकारी जोगेश ठाकुर द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि इस अवसर पर समिति कर्मचारियों से कलेक्टर द्वारा जिले में संचालित पैक्स समितियों सहित वर्तमान में खाद बीज की उपलब्धता एवं वितरण को लेकर चर्चा कर स्थिति का जायजा लिया गया प्रतिनिधिमंडल में म.प्र. सहकारी समिति महासंघ के जिलाध्यक्ष वंशीलाल ठाकुर, संतकुमार राजपूत, जोगेश ठाकुर, प्रदीप कुमार शर्मा, गणेश सिंगौर, सुदामा प्रसाद भारद्वाज, मनोरंजन सूर्यवंशी, विमलेश बघेल, एस. के. झारिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें.

# पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मारी टक्कर, दो घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर के अंतर्गत आने वाले तिनसरा ढाबे के पास सोमवार रात के समय एक पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।

इस हादसे में दो लोग घायल हो गए। जिनमें से एक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर दो लोग कहीं जा रहे थे। जब वह तिनसरा धावे के समीप पहुंचे तो सामने से आ रहे पिकअप वाहन में बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दो लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की जानकारी घंसौर पुलिस को दी। इसके बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां गंभीर घायल बिलास पिता तुकाराम विलानी (40) की स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी अनिल कुमार पटेल ने बताया कि पिकअप वाहन और बाइक की भिड़ंत हो गई थी। पिकअप वाहन को जब्त कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

# पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके आश्रितों की दिव्यांगता की स्थिति मोटर चलित तीन पहिया साइकल एवं दिव्यांग सहायता उपकरण क्रय करने दी जाएगी अनुदान राशि

**श्रम पदाधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि म०प्र० भवन एव अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिको हेतु भवन एवं अन्य संनिर्माण दिव्यांग सहायता योजना 2024 संचालित की गई है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

इस योजना के तहत पंजीकृत भवन एवं अनिर्माण श्रमिकों एवं उनके पंजीयन कार्ड में सम्मिलित आश्रित परिवार के सदस्यों की दिव्यांगता की स्थिति में उनके अवागमन हेतु मोटर चलित तिपहिया साईकिल एवं अन्य सभी दिव्यांग उपकरण क्रय करने पर अनुदान राशि प्रदाय की जाएगी। योजना अंतर्गत हितलाभ हेतु पंजीकृत श्रमिक वास्तविकता में भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक एवं पंजीकृत श्रमिक अथवा उसके पंजीयन कार्ड में सम्मिलित सदस्य का दिव्यांगता हेतु दिव्यांगता सशक्तिकरण विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी Unique Disability ID होना चाहिए। आवेदक द्वारा मोटर चालित तिपहिया साईकिल एवं अन्य दिव्यांग उपकरण रूप कर मंडल के पोर्टल पर अनुदान हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। योजना संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए जिला श्रम कार्यालय में सपर्क करें।

## पंजीकृत श्रमिकों को ई-रिक्श क्रय करने दी जाएगी अनुदान राशि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्रम पदाधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि म०प्र० भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों हेतु भवन एवं अन्य सनिर्माण ई स्कूटर हेतु अनुदान योजना 2024 प्रकाशित की गई है। इस योजना का उद्देश्य पंजीकृत भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिको को उनके कार्यस्थल तक आवागमन हेतु ई स्कूटर वाहन क्रय करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना अंतर्गत हितलाभ हेतु म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक वास्तविकता में निर्माण श्रमिक होना चाहिए। उनका 05 वर्ष तक सतत रूप से वैद्य पंजीयन होना चाहिए। आवेदक द्वारा ई स्कूटर क्रय कर मंडल के पोर्टल पर अनुदान हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। योजना संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए जिला श्रम कार्यालय में संपर्क करें।

# जिला पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का पंजीयन 8 जुलाई तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा विद्यार्थियों को पर्यटन के माध्यम से सीखने और प्रदेश से जोड़ने की मुहीम के तहत जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 27 जुलाई को सिवनी में आयोजित किया गया है,इस प्रतियोगिता के जिला क्विज मास्टर संदीप मिश्रा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वी से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकते हैं प्रथम चरण में विद्यालय को अपने विद्यालय में ही प्रतियोगिता आयोजित कर श्रेष्ठ तीन विद्यार्थियों को का चयन कर उनका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा, जिससे वह जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सकेंगे, यह पंजीयन 8 जुलाई शाम तक हो सकता है, जिसमें बच्चों की जानकारी के साथ-साथ मार्गदर्शी शिक्षक की भी जानकारी दी जाना अनिवार्य है इस प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी जिला लोक सेवा प्रबंधक संदीप मिश्रा है वहीं इस पूरी प्रतियोगिता को जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरेजी के मार्गदर्शन में संपन्न किया जाना है,ज्ञात हो कि गत वर्ष जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम बुढ़ेना कला ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गोरानवित किया था, जिला क्विज मास्टर संदीप मिश्रा ने उम्मीद की है कि पुनः इस वर्ष जिले की प्रतिभाए और क्षमताएं प्रदेश स्तर पर जिले के नाम को रोशन करेंगे।

## जिले में दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

# जिले में 133832 बच्चों का पंजीयन किया गया है जिन्हें स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जानी है

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 25 जून को जिला चिकित्सालय में दस्तक अभियान का शुभारंभ प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीषा सिरसाम द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ नावकर एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ लोकेश चौहान आर एम ओ डॉ पी सूर्या मीडिया अधिकारी श्रीमति शांति डहरवाल नर्सिंग आफीसर मालती साहू एलडीसी एमआई एस धनीराम ब्रोकर एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीषा सिरसाम ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्ष 24-25 में दस्तक अभियान के प्रथम चरण का आयोजन 25 जून से 27 अगस्त के मध्य किया जाना है। जिले में 133832 बच्चों का पंजीयन किया गया है जिन्हें स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जानी है। इस अभियान की अवधारणा शिशु एवं बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना और बाल्यकालीन बीमारियों की रोकथाम करना है। समुदाय के प्रत्येक घर तक स्वास्थ्य एवं पोषण सेवायें सुनिश्चित करना इस अभियान का मुख्य उददेश्य है। ब्लॉक के अनुसार दस्तक अभियान का लक्ष्य बरघाट 232581, छपारा14478, धनौरा 10011, घंसौर16789, केवलारी18617, कुरई13756, लखनादौन 24495, सिवनी 40894, बच्चों को सेवायें प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त दल एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों वाले परिवारों के घर-घर जाकर बच्चों में प्रायः पाई जाने वाली बीमारियों की सक्रियता से पहचान एवं उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जायेगा। दस्तदक अभियान का उद्देश्य 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में प्रमुख बाल्यकालीन बीमारियों की सामुदायिक स्तर पर सक्रिय पहचान एवं त्वरित प्रबंधन करना है। जिसमें बाल मृत्यु दर में वांछित कमी लाई जा सके।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. लोकेश चौहान ने बताया कि विटामिन ए अनुपूरण प्रथम चरण का क्रियान्वकयन 9 माह से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का विटामिन ए अनुपूरण पृथक से न कर दस्तरक अभियान अंतर्गत घर-घर जाकर किया जायेगा। साथ ही रिपोर्टिंग भी दस्तक अभियान अंतर्गत, दस्तक मॉनिटरिंग टूल में की जायेगी। दस्तक अभियान की प्रमुख गतिविधियां, समुदाय में बीमार नवजातों और बच्चों की पहचान प्रबंधन एवं रेफरल। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वचरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल। 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, रेफरल एवं प्रबंधन। 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन। वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्य कालीन दस्त रोग नियंत्रण हेतु ओआरएस एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता में बढ़ावा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त दल एएनएम आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा प्रत्येक घर में गृहभेंट के दौरान ओआरएस पहुंचाना। बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान। समुचित शिशु एवं बाल आहारपूर्ति संबंधी समझाईश समुदाय को देना। अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल्यकालीन दस्तरोग में जिंक और ओआरएस के उपयोग को बढ़ाना, दस्तरोग की रोकथाम व जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करना है। इसमें आशा, आंगनवाड़ी और एएनएम के माध्यम से घर-घर पर दस्तक देकर दस्त रोग का नियंत्रण, ओआरएस व जिंक गोलियों का उपयोग, गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान, जन्मोंपरांत शिशु द्वारा एक घंटे के भीतर स्तनपान आदि के बारे में विस्तार से समझाया जाएगा।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 131 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई मंगलवार 25 जून को नवागत कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

आयोजित हुई जनसुनवाई में ग्राम रिडडी निवासी श्री धरमदास द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि राशि दिलाए जाने विषयक, ग्राम लखनवाडा निवासी श्री मस्तराम सतनामी द्वारा आवासीय जगह पर मकान बनाने की स्वीकृति विषयक, ग्राम डूंडाऐर तहसील कुरई निवासी श्री नितिन कुमार मर्सकोले द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दिलाये जाने, अंबेडकर वार्ड ललमटिया निवासी श्री रामकिशोर द्वारा वैध कालोनी को अवैध बताकर बिजली विभाग की राशि वसूल करने की शिकायत विषयक, ग्राम केवलारी निवासी श्री नारायण सिंह बघेल द्वारा आश्रित प्रमाण पत्र प्रदाय करने विषयक, वार्ड क्रमांक 3 शांति नगर निवासी श्री संजय वासनिक द्वारा विद्युत बिल में सुधार करने विषयक, गोपालगंज निवासी शलाबाई चंद्रवंशी द्वारा सीमांकन कराये जाने, ग्राम मरझोर निवासी श्री भूरा पिता सहतर यादव द्वारा बीपीएल कार्ड बनाये जाने, ग्राम चक्की खमरिया निवासी श्री निरंजन चौरसिया द्वारा न्यायालय में लंबित मामले की जांच एवं निराकरण कराने, अकबर वार्ड निवासी श्री नित्य गोपाल श्रीवास्तव द्वारा सीमांकन कराये जाने, ग्राम धनोली निवासी श्री रमेश बोमचेर द्वारा पुत्री का महारानी लक्ष्मी कन्या विद्यालय में एडमिशन कराये जाने, भगतसिंह वार्ड निवासी श्रीमती मीना सदाफल द्वारा अनावेदकों द्वारा किए गए शासकीय भूमि व नाले पर अवैध निर्माण को शीघ्र हटाये जाने विषयक, सीवी रमन वार्ड निवासी श्री अभय यादव द्वारा वृद्धा आश्रम में किये गये कार्य का भुगतान दिलाये जाने विषयक, ग्राम धोबीसर्रा निवसी श्री अंजेलाल धुर्वे द्वारा भूमि का पटटा दिलाये जाने विषयक, डूण्डासिवनी निवासी निम्मों बाई बघेल द्वारा लाडली बहना योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, महावीर वार्ड समनापुर लखनादौन निवासी रेखा साहू द्वारा पुत्री के लिए पढ़ाई हेतु आर्थिक सहायता एवं उचित शिक्षण संस्था पर प्रवेश दिलाये जाने विषयक, ग्राम घूरवाडा तह.केवलारी निवासी दिव्यांग रिंकू तिवारी द्वारा ट्राय सायकल दिलाये जाने विषयक, ग्राम परासपानी निवासी जिया वाडिवा द्वारा वेतन न मिलने विषयक, मुंडरई खुर्द निवासी ममता उईके द्वारा आवेदिका के नाम से खाद्यान्न पर्ची बनाये जाने विषयक, बारापत्थर निवासी अखिलेश मालवीय द्वारा नाली की साफ-सफाई एवं नाली के अतिक्रमण को हटाये जाने विषयक, ग्राम झगरा केवलारी निवासी श्री सुशील ठाकरे द्वारा अवैध उत्खनन एवं मुरम परिवहन किये जाने की शिकातय विषयक सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण संबंधी कुल 131 आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुए। जिनके नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

## खबर संक्षेप



### मेजर कार्प, रोहू कतला और मृगल मछली जब्त कर हुई नीलाम, राशि शासकीय कोष में होगी जमा

**बालाघाट।** मंगलवार को किरनापुर में हिर्री के बाजार में मत्स्य विभाग ने कार्यवाही करते हुए 72 किलो मछली जब्त की है। मत्स्य अधिकारी श्रीमती पूजा रोडगे ने बताया कि मत्स्याखेट प्रतिबंध अवधि के दौरान लोकल माइनर और मेजर कार्प, रोहू, कतला और मृगल प्रजाति की मछलियां जब्त की गई है। जब्ती के बाद नीलाम की गई। मप्र नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 (2) के तहत कार्यवाही की गई है। इसमें 42 किलो लोकल माइनर और 30 किलो मेजर कार्प व अन्य जब्त की गई। नीलामी से प्राप्त राशि 5050 रुपये शासकीय कोष में जमा की जाएगी। कार्यवाही में श्रीमती मीना कोकाटे व राजकुमार सिंह शामिल रहें।

### प्रतिबंधित दवाइयों कि जाँच के लिए बनेगी टीम

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में नारकोटिक्स कार्यो से संबधित विभागों को निर्देश दिए है कि दल गठित किये जाये। जो प्रतिबंधित दवाइयों कि निगरानी और जांच समय पर कर सकें। साथ ही उन्होंने बैठक के दौरान सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों की गहनता से समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन कि शिकायतों के संबध में राजस्व विभाग में शिकायतों के पत्रों के निराकरण करने के निर्देश देते हुए ग्रेडिंग की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को सीएम हेल्पलाइन कि शिकायत कम करने के निर्देश दिये। वहीं कलेक्टर डॉ मिश्रा ने सभी विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिये जिन विभाग में आउसट सोर्स एजेंसियो की समय अवधि समाप्त हो चुकि है वे एजेंसिया ईटेंडर करवाऐं। विधुत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि आदिवासी क्षेत्र ग्राम पंचायत डाबरी के ग्राम झकोरदा, गौरझोला, छापराझेला, पुकाबर्रा, तटकुटोला का सर्वे कर जानकारी उपलब्ध कराने व बिजली उपलब्ध के निर्देश दिये।

### ईसीयू और महिला प्रसूति वार्ड में मिली गंदगी, सिविल सर्जन को सफाई रखने के दिए निर्देश

# नपाध्यक्ष पारधी ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने मंगलवार शाम जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड, महिला प्रसूति वार्ड और परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां मिली गंदगी पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए अस्पताल सिविल सर्जन को अस्पताल में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए।

### सफाई करने के निर्देश दिए

नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने बताया कि अस्पताल के आईसीयू और महिला प्रसूती वार्ड में परिसर और शौचालय में गंदगी दिखाई दी थी। वाशरूम साफ नहीं थे और डस्टबिन भरी पड़ी थी। वार्डों में गंदगी से उठ रही बदबू से ना केवल मरीज बल्कि परिजन भी परेशान थे।

जिसको लेकर सिविल सर्जन को सफाई ठेकेदार से नियमित अस्पताल के वार्डों में सख्ती से सफाई करने के निर्देश दिए हैं। अस्पताल में बेड गंदे और चादर नहीं होने के साथ ही और अन्य खामियां मिली हैं। जिसमें सुधार करने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए हैं।

नपाध्यक्ष ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जिला अस्पताल जिले का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां प्रसव कराने आने वाली महिलाओं से प्रसव के नाम पर राशि मांगे जाने की शिकायत तो मिलती है, लेकिन कोई इसकी लिखित शिकायत नहीं करता है। यदि कोई लिखित शिकायत करता है तो उस पर एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने डॉक्टरों से भी कहा कि अस्पताल में गरीब व्यक्ति ही इलाज कराने आते हैं। यदि पैसा होता तो वह निजी अस्पताल चले जाते। इसलिए मानवता के नाते उनसे पैसे की डिमांड ना करें और यदि किसी प्रसव के लिए राशि डिमांड की जाती है तो वह हमें इसकी शिकायत कर सकता है, उस पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

इस दौरान परिषद सभापति संगीता खगेश कावरे, वकील वाधवा, मानक बर्वे, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीतसिंह ठाकुर, पार्षद और सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन मौजूद रहे।

# सरपंच से अभद्रता मामले में थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सरपंच संघ ने खैरलांजी थाना प्रभारी पर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग को लेकर मंगलवार को खैरलांजी थाना में लिखित आवेदन, प्रभारी खैरलांजी थाना प्रभारी को सौंपा। सरपंच संघ जिलाध्यक्ष वैभव बिसेन ने बताया कि भौरगढ़ पंचायत सरपंच देवेन्द्र बारेवार के साथ, खैरलांजी थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी द्वारा की गई अभद्रता और कथित तौर से मारने हाथ उठाए जाने के मामले में सरपंच संघ ने थाना प्रभारी पर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र देशमुख, सरपंच संघ विधि सलाहकार आनंद बिसेन, पीड़ति सरपंच देवेंद्र बारेवार सहित जिले से पहुंचे सरपंच साथी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### इसलिए हुआ विवाद

भौरगढ़ पंचायत से रेत के अवैध उत्खनन की भारी मशीनरियों के गांव से गुजरने के कारण क्षतिग्रस्त हो रही सड़कों को लेकर सरपंच देवेन्द्र बारेवार ने पंचायत के ग्रामीणों के साथ मिलकर चक्काजाम किया था। जिस दौरान खैरलांजी थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी और सरपंच देवेन्द्र बारेवार के बीच नोक झोंक हुई थी। जिसका वीडियो में तत्कालीन खैरलांजी थाना प्रभारी का सरपंच को लेकर कहे गए शब्द, तेरे माथे पर नहीं लिखा है कि तू सरपंच है, जैसी भाषा और अव्यवहार को लेकर सरपंच संघ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कार्रवाई नहीं होने पर पंचायतों में तालाबंदी की चेतावनी दी थी। हालांकि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी को लाइन अटैच कर दिया था, लेकिन अब सरपंच संघ उनके खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग कर रहा है और इसको लेकर सरपंचों ने खैरलांजी थाना में 25 जून को लिखित शिकायत दी।

### जिले में कुल 6.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से प्रारंभ हुए वर्षा सत्र में 23 जून तक जिले में 47.3 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। 23 जून को पिछले 24 घंटों के दौरान 6.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मि.मी. है। 23 जून को प्रातः 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में बालाघाट तहसील में 01 मि.मी., वारासिवनी में 01 मि.मी., बैहर में 06 मि.मी., खैरलांजी में 17.3 मि.मी, बिरसा में 3.2 मि.मी., परसवाड़ा में 7.3 मि.मी. एवं तिरोड़ी तहसील में 36.4 मि.मी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस प्रकार बीते 24 घंटों में बालाघाट जिले में कुल 6.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

### सिवनी में हुई गौहत्या के आरोपियों को फांसी देने की मांग की

## 8 किमी दंडवत यात्रा कर कलेक्ट्रेट पहुंचे गौ रक्षक



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सिवनी में हुई गोहत्या के आरोपियों को फांसी और गोमाता की सुरक्षा के लिए राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर सोमवार को तीन गोरक्षक 8 किमी की दंडवत यात्रा कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन देकर आरोपियों का फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर फांसी की सजा देने और गोमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग की। गोरक्षा का संकल्प लेकर सुबह करीब 8 बजे भरवेली के श्रीराम मंदिर से गोपूजन के साथ दंडवत यात्रा की शुरुआत की गई। सरपंच गीता अनिल बिसेन ने गोभक्तों को रवाना किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ गोरक्षा प्रमुख ओमेश बिसेन, गोसेवक शैलेन्द्र ठकरेले और गुरूदेव चौधरी, दंडवत यात्रा करते हुए देर शाम कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

# लांजी-किरनापुर के विधायक ने शिक्षक संवर्ग की समस्याओं का किया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



किरनापुर निर्धारित कार्यक्रम अनुसार शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश विख किरनापुर के प्रतिनिधि मंडल द्वारा 25 जून को राजकुमार कर्राहे विधायक से विश्राम गृह किरनापुर में भेंट कर ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के अध्यक्ष अरविंद कोरे ने विधायक कर्राहे से कहा कि एरियर्स व डीए को लेकर संकुल प्राचार्यों व संबंधित अधिकारियों से कई बार आवेदन और निवेदन कर लिया गया लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

विधायक ने समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. उपाध्याय से तुरंत फोन लगाकर उक्त समस्याओं का कारण पूछा और त्वरित निराकरण का निर्देश दिया। इस विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी ने सातवें वेतनमान की अंतिम किस्त व 4% डीए का भुगतान 10-12 दिवस के भीतर कर दिये जाने का विश्वास दिलाया। उन्होंने बताया कि क्रमोन्नति की प्रक्रिया शुरू है जिसे बहुत ही जल्दी पूरी कर सूची जारी किए जाने का दावा किया। उच्च पद प्रभार की कार्यवाही उच्च स्तर पर प्रकियाधीन होना बताया गया। जबकि डीईओ ने सर्व शिक्षा अभियान के प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों के एनपीएस कटौती के मामले पर डीपीसी जिला शिक्षा केन्द्र बालाघाट स्तर पर कार्यवाही की जाने की बात कही। विधायक महोदय ने संबधित डीपीसी को पत्र जारी कर इस विषय पर कार्यवाही का भरोसा दिलाया।*संकुल हट्टा अंतर्गत विख. किरनापुर आश्रित शिक्षकों के सातवें वेतनमान की चतूर्थ किस्त का भुगतान अप्राप्त है जिस पर डीईओ ने संबंधित संकुल प्राचार्य को फोन पर निर्देश दिया कि एरियर्स का भुगतान तत्काल करवाया जाये जिस पर प्राचार्य ने स्वीकार किया। अनाधिकृत रूप से अटैचमेंट किये गये शिक्षकों को मूल संस्था में पुनः बहाल कर दिये जाने की बात कही।

विधायक ने शिक्षक संवर्ग की हर समस्याओं के निराकरण पर त्वरित व सकारात्मक निराकरण की पहल की जिस पर संगठन ने खुशी जाहिर की। आशा है कि ज्ञापन में उल्लेखित सभी समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण किया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में राज्य शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद कोरे व प्रमोद नागवंशी अध्यक्ष NMPOS सहित सर्व श्री बेनीराम वाघे, सी एल नगपुरे, रोशन बानेवार, डी पी राहंगडाले, शैलेष पिछोडे, राजेन्द्र राहंगडाले श्रीमती ईश्वरी शेंडे एवं श्रीमती हुकरे मैडम ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

### करीब 3 हजार किसानों ने 10 हजार हेक्टर में की गहरी जुताई

**बालाघाट।** किसान अधिक उत्पादन के लिए भूमि में कई तरह के रासायनिक उर्वरको का उपयोग करते हैं। चाहे उस भूमि में उन तत्वों की आवश्यकता हैं या नहीं इसकी जानकारी के अभाव में अधिक मात्रा में उपयोग करने से भूमि को तो नुकसान होता ही हैं। साथ ही इससे लागत भी बढ़ जाती है। अभी हाल ही में कृषि विभाग की मिट्टी परीक्षण शाखा द्वारा जिले की भूमि में मौजूद तत्वों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हुई हैं जो खरीफ़ फसलों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती हैं। जिले में वर्ष 2022-23 में 8729 से अधिक मिट्टी के नमूने का आंकलन किया गया। इस वर्ष 644 से अधिक मिट्टी के आंकलन लिए गए है। मिट्टी परीक्षण का कार्य देख रहीं हिना शिववंशी ने बताया कि मिट्टी परीक्षण का आंकलन 3 वर्षो तक के लिए उपयोगी व मान्य रहता है।वर्ष 2022-23 में लिए गए सेम्पल के परीक्षण परिणामों के आधार पर बालाघाट, लालबर्रा, कटंगी, खैरलाँजी, किरनापुर, बैहर, बिरसा, और परस्वडा की भूमि में नाइट्रोजन, फॉसफोरस व पोटाश की मात्रा मध्यम स्तर पर पायी गई। जबकि वारासिवनी व लाँजी की भूमि में नाइट्रोजन व पोटाश मध्यम स्तर पर तथा फॉसफोरस उच्च स्तर पर पाया गया है।मिट्टी परीक्षण शाखा की शिववंशी ने बताया कि वारासिवनी व लाँजी जनपद में फॉसफोरस उच्च स्तर पर पाए जाने से इसका उपयोग कम कर सकते हैं।



### पुस्कर टेंभरे ने यूरोप के डेनमार्क में जीता आयरनमेन का खिताब

**बालाघाट।** संसदीय क्षेत्र के बरघाट निवासी 18 वर्षीय पुस्कर पिता योगेन्द्र टेंभरे ने यूरोपी देश डेनमार्क में चल रहे खेलो में 55 देशो से आए खिलाड़ी की प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान हासि कर आयरन मेन का खिताब जीता। विदेशी धरती में युवक ने ना केवल परिवार, क्षेत्र बल्कि भारत का नाम रोशन किया। जानकारी अनुसार 23 जून को डेनमार्क में आयरनमेंन 70.3 एलसीनोरे प्रतियोगिता में युवक पुस्कर ने, भारत का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें 02 किलोमीटर तैराकी, 90 किलोमीटर साइकिलिंग एवं 21.1 किलोमीटर रनिंग को सबसे कम समय 7 घंटे 17 मिनट में पूरा कर विदेशी धरती में भारत का परचम लहराया। गौरतलब हो कि युवक पुस्कर टेंभरे 08 वर्ष की उम्र से ही तैराकी का अभ्यास कर रहे थे। पढ़ाई के साथ साथ खेल में रुचि रखने वाले पुस्कर बचपन से ही अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए नियमित कड़ी मेहनत करते रहे। 11 वर्ष की उम्र में इन्होंने भारत की तरफ से कयाकिंग चाइना में भारत का परचम लहराया था।

### आरोपीगणों से 4 नग गौवंश बरामद कर सुरक्षित स्थान भिजवाया

## 4 गौ वंश तस्करों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सिवनी में हुए गौहत्या के बाद बालाघाट पुलिस, गौवंशों के अवैध परिवहन को लेकर अलर्ट पर है। चूंकि छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से लगे बालाघाट जिले से बड़ी मात्रा में गौवंश की तस्करी होती है। जिसको लेकर पुलिस ने अपनी चौकसी बड़ा दी है।

जिले के रूपझर थाना पुलिस ने मंगलवार को जंगल के रास्ते से गौवंश को अवैध रूप से परिवहन कर रहे चार आरोपियों 52 वर्षीय गोपाल गौतम, 22 वर्षीय रामसिंह मरावी, 36 वर्षीय संतलाल मरकाम और 45 वर्षीय लिख्खन टेकाम को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने तीन गाय और एक बछड़े को बरामद किया है। ग्राम पोंडी में कार्रवाई

रूपझर थाना प्रभारी निरीक्षक नितिन पटले ने बताया कि थाना क्षेत्र से गौवंश के अवैध परिवहन को लेकर एक टीम गठित करने के साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम पोंडी की ओर जाने वाले जंगल कच्चे रास्ते में 4 लोगों को गौवंश ले जाते हुए पकड़ा गया।

जिनके पास गौवंश से संबंधित कोई कागज नही थे। जिस पर चारों व्यक्तियों को पुलिस हिरासत में लेकर, उनके विरुद्ध धारा 4,6,9 म.प्र. गौ वंश प्रति.अधि.34 भा.द.वि.11 (घ)पशु क्रुरता अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया है।

**कार्या. ग्राम पंचायत परासपानी, जप बालाघाट, जिला-बालाघाट(म.प्र.)**

क्रमांक /क्यू/ दिनांक : 25.06.2024

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

विषयांकित लेख है कि ग्राम पंचायत परासपानी में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा, पंच परमेश्वर, 5 वां, 14 वां व 15 वां वित्त आयोग एवं अन्य मदों से निर्माण कार्य कराया जाना हैं। इन कार्यो के लिए दिनांक 25/06/2024 से 02/07/2024 तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत परासपानी में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें। सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्चर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, गट्ट(पेपर ब्लॉक), नल-जल योजना हेतु पाइप, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

रामेश्वर चौधरी, सरपंच, ग्राम पंचायत परासपानी | मंगलेश पटले, सहा.सचिव, ग्राम पंचायत परासपानी | सेवकराम खटोले, सचिव, ग्राम पंचायत परासपानी

**कार्या. ग्राम पंचायत तिवड़ीकला, जप बालाघाट, जिला-बालाघाट(म.प्र.)**

क्रमांक /क्यू/ दिनांक : 25.06.2024

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

विषयांकित लेख है कि ग्राम पंचायत तिवड़ीकला में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा, पंच परमेश्वर, 5 वां, 14 वां व 15 वां वित्त आयोग एवं अन्य मदों से निर्माण कार्य कराया जाना हैं। इन कार्यो के लिए दिनांक 26/06/2024 से 05/07/2024 तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत तिवड़ीकला में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें। सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्चर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, गट्ट(पेपर ब्लॉक), नल-जल योजना हेतु पाइप, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

श्रीमती मिथिला कोवे, सरपंच, ग्राम पंचायत तिवड़ीकला | भूमेश्वर गौतम, उपसरपंच, ग्राम पंचायत तिवड़ीकला | अशोक फुण्डे, सचिव, ग्राम पंचायत तिवड़ीकला

### परिषद के आश्वासन पर टली कर्मचारियों की हड़ताल

# 3 माह से वेतन नहीं मिलने से परेशान हैं नपा कर्मी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



लगभग 3 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण 25 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले नगरपालिका परिषद वारासिवनी के कर्मचारियों ने परिषद के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद लगभग एक सप्ताह के लिए अपनी हड़ताल को टाल दिया हैं।

**20 जून को दिया था हड़ताल पर जाने का पत्र:** विदित हो कि गत 20 जून को नगरपालिका परिषद वारासिवनी के समस्त विभागों सामान्य प्रशासन, राजस्व, जल प्रदाय, विद्युत, सफाई एवं लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मॉगों का एक पत्र अध्यक्ष व मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम देकर 25 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी।

**जीपीएफ सहित अन्य मॉगे शामिल थी पत्र में:** इस पत्र में कर्मचारियों ने माह अप्रैल 24 से वेतन नहीं मिलने, वेतन से काटी गई जी पी एफ, एन पी एस एवं ई पी एफ की राशि विगत 2-3 वर्षो से उनके खाते में जमा नहीं करने, समय-समय पर नियमानुसार एरियर्स की राशि का भुगतान नहीं करने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का विगत 2-3 वर्षो का अर्जित अवकाश की राशि, जीपीएफ की राशि का भुगतान नहीं करने और शासन द्वारा नियमानुसार समय-समय पर देयक भत्तों का भुगतान नहीं करने और दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों को वर्तमान दर प्रदान नहीं करने के कारण हो रही परेशानियों को देखते हुए 24 जून तक इनका भुगतान नहीं किए जाने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी।

**25 जून से जाने वाले थे हड़ताल पर;** उनके द्वारा पत्र के माध्यम से दी गई इस चेतावनी का परिषद के पदाधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ा था। लेकिन जब 24 जून को मीडिया ने परिषद के पदाधिकारियों व अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी मॉगनी प्रारंभ की और सोशल मीडिया पर 25 जून से नगरपालिका कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की बातें लिखी जाने लगी। तब जाकर परिषद के पदाधिकारी हरकत में आए और 24 जून की शाम को परिषद के पदाधिकारियों व अधिकारियों द्वारा नगरपालिका कर्मचारियों के साथ एक बैठक नगरपालिका कार्यालय में की गई।

**नपा की खस्ता वित्तीय हालत का हवाला देकर मॉगा समय:** जानकारी अनुसार इस बैठक में नगरपालिका के पदाधिकारियों व अधिकारियों ने कर्मचारियों को परिषद की खस्ता वित्तीय हालत के बारे में बताते हुए उन्हें वेतन का भुगतान लगभग एक सप्ताह में करवाने का आश्वासन दिया। वहीं नगरपालिका की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए शासन से राशि की मॉग करने की बात भी कही। देर तक चली इस बैठक के बाद नगरपालिका कर्मचारियों ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित कर दिया और शीघ्र ही वेतन का भुगतान नहीं होने पर हड़ताल पर जाने की चेतावनी भी दी। चर्चा हैं कि इस पूरे मामले के पीछे नगरपालिका परिषद के एक अधिकारी का ही हाथ हैं। जिसकी पटरी आजकल परिषद के पदाधिकारियों व पार्षदों के साथ ही उनके नेता से भी नहीं बैठ रही हैं। इसीलिए उनके द्वारा कर्मचारियों को मोहरा बना कर परिषद के पदाधिकारियों, पार्षदों व उनके नेता पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया।

### 1 लाख 80 हजार बच्चों के लिए आज से प्रारम्भ हुआ दस्तक अभियान 27 अगस्त तक चलेगा अभियान

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को जिला चिकित्सालय स्थित डीईआईसी केंद्र से दस्तक अभियान का शुभारम्भ किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अभियान में स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दलो द्वारा 27 अगस्त तक घर-घर दस्तक दी जाएगी। दस्तक के दौरान 0 से 5 वर्ष तक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस परीक्षण में मुख्य रूप से एचबी टेस्ट, निमोनिया, दस्त, निर्जलीकरण, कुपोषण, तेज बुखार, जन्मजात विकलांग, एनीमिया, एमयूएसी की जांच आदि की जाएगी। साथ ही जांच के बाद आवश्यक उपचार करेगी। यदि आवश्यक हुआ तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर रेफर भी करेगी। इसके अलावा किये गए कार्यो के सम्बंध में दस्तक पोर्टल पर भी प्रत्येक बच्चें की इंट्री की जाएगी। दस्तक अभियांवके शुभारम्भ अवसर पर सीएमएचओ डॉ. मनोज पांडे, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन,जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.परेश उप्लव, डीईआईसी मैनेजर श्री राजाराम चक्रवती सहित एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व स्वास्थ्य विभाग व महिला बाल विकास विभाग का अमला मौजूद रहा।

स्वास्थ्य और महिला बाल विकास के संयुक्त दलों का घर घर होगी दस्तक

**सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट**
ADMISSIONS OPEN 2024-25
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

**SATPUDA ENGINEERING COLLEGE**
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com